Press Release, July 29, 2022 प्रेस विज्ञप्ति, 29 जुलाई 2022

सिडबी ने एमएसएमई को सशक्त बनाने के लिए एसवीसी बैंक के साथ भागीदारी की

SIDBI partners with SVC Bank for empowering MSMEs

- इस निष्पादित समझौता ज्ञापन से एसवीसी बैंक सिडबी की पुनर्वित सुविधा का लाभ उठाकर एमएसएमई ग्राहकों के ऋण प्रवाह को और सक्षम बनाएगा।
  The MoU signed will enable SVC Bank to tap into SIDBI's Refinance facility to facilitate credit flow to MSME clients
- एसवीसी बैंक सिडबी के साथ एक अनूठी पुनर्वित्त साझेदारी शुरू करने वाला पहला शहरी सहकारी बैंक बन गया है।
  SVC Bank becomes the first Urban Co-operative Bank to initiate a unique refinancing partnership with SIDBI

मुंबई, 29 जुलाई 2022: भारत के अग्रणी सहकारी बैंकों में से एक एसवीसी को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड (एसवीसी बैंक), और भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए देश की शीर्ष वित्तीय संस्था भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने आज करार-ज्ञापन का निष्पादन कर भागीदारी की घोषणा की।

Mumbai, 29th July 2022: SVC Co-operative Bank Ltd. (SVC Bank), one of India's leading co-operative bank and Small Industries Development Bank in India (SIDBI), country's apex financial institution for micro, small and medium enterprises (MSMEs), today announced entering into a partnership through an Agreement.

श्री आशीष सिंघल, एमडी, एसवीसी बैंक और श्री संजीव गुप्ता, महाप्रबंधक, सिडबी ने मुंबई में 28 जुलाई, 2022 को करार ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। करार के अनुसार, सिडबी एसवीसी बैंक को पुनर्वित्त सुविधा का विस्तार करेगा ताकि एमएसएमई को ऋण के बेहतर प्रवाह की सुविधा मिल सके।

The Agreement was signed by Shri Ashish Singhal, MD, SVC Bank and Shri Sanjeev Gupta, GM, SIDBI in Mumbai on July 28, 2022. As per the agreement, SIDBI will extend Refinance facility to SVC Bank to facilitate an improved flow of credit to MSMEs.

इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए, एसवीसी बैंक के प्रबंध निदेशक श्री आशीष सिंघल ने कहा, “एमएसएमई क्षेत्र निर्यात, रोजगार सृजन और राजकोष को राजस्व के मामले में भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। एसवीसी बैंक 115 से अधिक वर्षों से एमएसएमई क्षेत्र को एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में समर्थन कर रहा है। हमारा मानना है कि किफायती पूंजी तक पहुंच इस क्षेत्र के लिए बड़ी राहत साबित होगी। भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप, सिडबी एमएसएमई से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए प्रेरक शक्ति साबित हुआ है। हमें एमएसएमई इकाइयों को सशक्त बनाने के उनके दृष्टिकोण में भाग लेने वाले पहले शहरी सहकारी बैंक के रूप में सिडबी के साथ भागीदारी करने पर गर्व है। ”

Commenting on the occasion, **Mr. Ashish Singhal, Managing Director, SVC Bank**, said, “MSME sector is the backbone of the Indian economy in terms of exports, employment creation and revenue to exchequers. SVC Bank has been supporting the MSMEs as a trusted partner for more

than 115 years. We believe that access to affordable capital will prove to be a shot in the arm for the sector. In line with the Government of India's vision of an Aatmanirbhar Bharat, SIDBI has proven to be the driving force for resolving the issues relating to MSMEs. We are proud to partner with SIDBI as the first UCB to participate in their vision of empowering the MSMEs."

सिडबी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के संवर्धन, वित्तपोषण और विकास के साथ-साथ समान गतिविधियों में संलग्न संस्थाओं के कार्यों के समन्वय के लिए प्रमुख वित्तीय संस्थान है, सिडबी हाल ही में पात्र अनुसूचित शहरी सहकारी बैंक (यूसीबी) और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) को पुनर्वित्त सहायता देने का निर्णय किया है। यह पहला करार ज्ञापन है जो यूसीबी के साथ निष्पादित किया गया है। सिडबी विभिन्न राज्यों में अन्य शहरी सहकारी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के साथ ऐसे और करार ज्ञापनों को निष्पादित करेगा ।

SIDBI is the Principal Financial Institution for Promotion, Financing and Development of the Micro, Small, and Medium Enterprise (MSME) sector as well as for coordination of functions of institutions engaged in similar activities, has recently decided to extend refinance assistance to eligible scheduled Urban Co-operative Banks (UCBs) and Regional Rural Banks (RRBs). This is the first such agreement executed with a UCB. SIDBI will sign more such Agreements with other UCBs and RRBs across various States.

करार-ज्ञापन पर बोलते हुए श्री संजीव गुप्ता, महाप्रबंधक, सिडबी ने कहा, "हम भारतीय एमएसएमई को एक सशक्त पारितंत्र प्रदान करने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। इस दिशा में, हमने अब विभिन्न अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों, एसएफबी और एनबीएफसी के साथ अपनी भागीदारी को शहरी सहकारी बैंक तक बढ़ा दिया है। हमारी ध्यान सभी क्षेत्रों में अग्रणी संस्थाओं के साथ इसे संरेखित करने पर है, जो आर्थिक भागीदारी को बढ़ावा दे और भारत के सबसे होनहार आकांक्षात्मक पावरहाउस क्षेत्र जिन्हें एमएसएमई कहा जाता है, को आगे बढ़ाने में सहायक हो सकें । हम एसवीसी बैंक के साथ भागीदारी करने को लेकर उत्साहित हैं। एक सदी से अधिक का अनुभव रखने वाले बैंक होने के नाते, एसवीसी ने समुदायों को सशक्त बनाने में सफलता का प्रदर्शन किया है। हम समय के साथ अन्य बैंकों को भी अपनी पुनर्वित्त सेवाओं का विस्तार करेंगे।"

Speaking on the agreement, **Shri Sanjeev Gupta, General Manager, SIDBI**, said, "We consistently work towards offering an empowered ecosystem to the Indian MSMEs. Towards this, we have now extended our partnership with various Scheduled Commercial Banks, SFBs and NBFCs to an urban co-operative bank. The focus is on aligning with the leaders across all segments, which can boost economic participation and upscale of India's most promising aspirational powerhouses termed as MSMEs. We are elated to partner with SVC Bank. Being a century-plus young bank, SVC has demonstrated success in empowering communities. We will, in time, expand our refinance services to other banks as well."

एसवीसी बैंक के बारे में

1906 में स्थापित, एसवीसी बैंक ने एक सदी से भी अधिक समय से भारत में सहकारी आंदोलन के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज, बैंक देश के सहकारी बैंकिंग क्षेत्र में सबसे पुराने और सबसे अधिक मान्यता प्राप्त नामों में से एक है और 11 राज्यों - महाराष्ट्र, कर्नाटक, गोवा, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु में उपस्थिति के साथ देश का एकमात्र बहु-राज्य अनुसूचित बैंक बना हुआ है। रु29,659.53 करोड़ के कुल कारोबार और रु 150.21 करोड़ (वित्त वर्ष 20-21) के शुद्ध लाभ के साथ, इसने अपने मजबूत बुनियादी सिद्धांतों को साबित किया है। इसका मुख्यालय मुंबई में है और बैंक की 198 शाखाएं तथा 214 एटीएम हैं और 2300 से अधिक कर्मचारियों की संख्या है। बैंक खुदरा बैंकिंग, कॉर्पोरेट बैंकिंग और अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग में सेवाओं की पूरी श्रृंखला प्रदान करता है। एसवीसी बैंक को हाल ही में माननीय केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री - श्री अमितभाई शाह के हाथों अपनी 100+ वर्षों की सेवा के लिए सम्मानित किया गया है । इसे कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया है, जैसे एक्सप्रेस बीएफएसआई टेक्नोलॉजी अवार्ड्स 2022 में 'डेटा सेंटर अवार्ड' और को-ऑपरेटिव बैंक्स इनजेनियस लीडरशिप समिट और टेक्नोलॉजी अवार्ड्स 2022 में कोविड -19 के लिए उत्कृष्ट प्रतिक्रिया के लिए पुरस्कार, और द इकोनॉमिक टाइम्स बेस्ट बीएफएसआई ब्रांड्स में बेस्ट

बीएफएसआई ब्रांड अवार्ड **2021**। बैंक दिसंबर **2007** में आरबीआई से अधिकृत डीलर श्रेणी **I** लाइसेंस (स्वतंत्र विदेशी मुद्रा संचालन) प्राप्त करने वाले देश के पहले कुछ सहकारी बैंकों में से एक था। जुलाई **2008** में**,** इसने अपना अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग डिवीजन लॉन्च किया**,** जो आज रु. **3,000** करोड़ से अधिक विदेशी मुद्रा कारोबार का प्रबंधन करता है।

About SVC Bank

Set up in 1906, SVC Bank has contributed significantly to the development of the cooperative movement in India for over a century. Today, the Bank is one of the oldest and most recognized names in the country's co-operative Banking space and remains the country's only multi-state scheduled Bank with a presence across 11 states – Maharashtra, Karnataka, Goa, Gujrat, Rajasthan, Delhi, Haryana, Madhya Pradesh, Andhra Pradesh, Telangana, Tamil Nadu. With a total business of INR 29,659.53 crore and a Net Profit of INR 150.21 crore (FY 20-21), it has proven its robust and strong fundamentals. Headquartered in Mumbai, the Bank has a vast spread of 198 branches, 214 ATMs and has an employee strength of over 2300. The Bank offers the entire gamut of services across Retail Banking, Corporate Banking and International Banking. SVC Bank was recently awarded for its 100+ years of service at the hands of Hon'ble Union Minister of Home Affairs and Cooperation – Shri Amitbhai Shah. It has also been acknowledged with many prestigious awards, like 'Data Centers Award' & 'Enterprise Security Award' at Express BFSI Technology Awards 2022, Award for Outstanding Response to Covid-19 at Co-operative Banks Ingenious Leadership Summit and Technology Awards 2022, and Best BFSI Brand Award 2021 at The Economic Times Best BFSI Brands. The Bank was among the first few co-operative banks in the country to get the Authorized Dealer Category I License (Independent Forex Operations) from RBI, in December 2007. In July 2008, it launched its International Banking Division, which today handles more than Rs. 3,000 crore forex business.

सिडबी के बारे में:

सिडबी के बारे में: 1990 में अपने गठन के बाद से सिडबी अपने एकीकृत, अभिनव और समावेशी दृष्टिकोण के माध्यम से समाज के विभिन्न स्तरों पर नागरिकों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। सिडबी ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से विभिन्न ऋण और विकासात्मक उपायों के माध्यम से सूक्ष्म और लघु उद्यमियों (एमएसई) के जीवन को छुआ है, चाहे ये पारंपरिक व घरेलू छोटे उद्यमी हों; उद्यमिता पिरामिड के निम्नतम स्तर के उद्यमी हों अथवा उच्चतम स्तर के ज्ञान-आधारित उद्यमी हों। सिडबी 2.0 अपने साथ समावेशी, अभिनव और प्रभाव-उन्मुख संबद्धताओं की दृष्टि को लेकर चल रहा है।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://www.sidbi.in पर जाएँ।

About SIDBI:

Since its formation in 1990, SIDBI has been impacting the lives of citizens across various strata of society through its integrated, innovative and inclusive approach. Be it traditional, domestic small entrepreneurs, bottom-of-the-pyramid entrepreneurs, to high-end knowledge-based entrepreneurs, SIDBI has directly or indirectly touched the lives of Micro and Small Enterprises (MSEs) through various credit and developmental engagements. SIDBI 2.0 carries the vision of inclusive, innovative and impact-oriented engagements.

To know more, check out: https://www.sidbi.in